INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VI (2nd lang.)	**Department: Hindi**	
Worksheet No: 17	Topic: संवाद लेखन	Note: Pl. file in portfolio

विषय - संवाद लेखन

प्रश्न - 1 सब्जीवाले और ग्राहक के बीच में संवाद लिखिए –

(एक ग्राहक सब्जी खरीदने दुकान पर जाता है तथा मोलभाव करके सब्जियाँ खरीदता है दोनों की बातचीत)

ग्राहक- ये मटर कैसे दिए है भाई ?
सब्जीवाला- ले लो बाबू जी ! बहुत अच्छे मटर है, एकदम ताजा।
ग्राहक- भाव तो बताओ।
सब्जीवाला- बेचे तो पचास रुपये किलो हैं पर आपसे पैंतालीस रुपये ही लेंगे।
ग्राहक- बहुत महँगे है भाई!
सब्जीवाला- क्या बताएँ बाबूजी ! मण्डी में सब्जी के भाव आसमान छू रहे हैं।
ग्राहक- फिर भी .... । कुछ तो कम करो।
सब्जीवाला- आप एक रुपया कम दे देना बाबू जी ! कहिए कितने तोल दूँ?
ग्राहक- एक किलो मटर दे दो। और ...... एक किलो आलू भी।
सब्जीवाला- टमाटर भी ले जाइए, साहब। बहुत सस्ते हैं।
ग्राहक- कैसे?
सब्जीवाला- तीस रुपये किलो दे रहा हूँ। माल लुटा दिया बाबू जी।
ग्राहक- अच्छा ! दे दो एक किलो टमाटर भी। ..... और चार नींबू भी डाल देना।
सब्जीवाला- यह लो बाबू जी। धनिया और हरी मिर्च भी रख दी है।
ग्राहक- कितने पैसे हुए?
सब्जीवाला- सिर्फ सतहत्तर रुपये।
ग्राहक- लो भाई पैसे।
सब्जीवाला- धन्यवाद बाबू जी।

प्रश्न - 2 बहन तथा भाई बीच में संवाद लिखिए |

****